LOYOLA COLLEGE (AUTONOMOUS), CHENNAI – 600 034

U.G. DEGREE EXAMINATION – **LANGUAGE**

FIRST SEMESTER – **APRIL 2023**

UOL 1102 – GENERAL HINDI - I

Date: 11-05-2023 Dept. No. [ ] Max. : 100 Marks
Time: 01:00 PM - 04:00 PM

खण्ड 'क' (20 अंक)

I. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। संक्षेप में उत्तर दीजिए। **(10 x 2 = 20)**

1. एकांकी की परिभाषा लिखिए।
2. संस्मरण की परिभाषा दीजिए।
3. बड़े भाई का स्वभाव कैसा था ?
4. दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया ?
5. 'यहाँ रोना मना है' एकांकी के प्रमुख पात्र कौन-कौन हैं ?
6. शादी के बाद घर आते ही मोहन के पिता ने क्या किया ?
7. गिल्लू लेखिका को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए क्या करता था ?
8. संगोष्ठी कितने दिनों की थी और परसाई जी से क्या आग्रह किया गया ?
9. बाणभट्ट ने अपना अधूरा काम किसे सौंपा ?
10. मनुष्य को श्रेष्ठता के पद पर पहुँचाने के लिए कौन-सी बातें सहायक हैं ?

खण्ड 'ख' (40 अंक)

II. किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या 150 शब्दों में कीजिए। **(3 x 10 = 30)**

11. हमेशा सिर पर नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होगी। फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच में आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता।
12. मैं तुम से पांच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुर्बा है तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम. ए., डी. फील., और डी. लिट. ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती है।
13. मेरी अस्वस्थता में वह तकिया पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हें-नन्हें पंजों से मेरे सिर और बालों को इतने हौले-हौले सहलाता रहता कि उसका हटना एक परिचारिका के हटने के समान लगता।
14. जब ईमानदारी लड़ ही गई तो मैं गया। लेकिन हलफिया कहता हूँ कि ईमानदारी के लिए नहीं गया। ईमान से मुझे कुछ लेना देना नहीं है।
15. ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाशी ले, यह बड़ी अशोभनीय बात होगी। फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी होगी ही।

(कृ. पृ. उ.)

-2-

16. छोटे भैया के बियाह का कोई चाव नहीं है रे। और जो चली गयी तो सूतक नहीं लग जाएगा। सूतक-पातक यह दो पाप कभी न करो। लौट कर काम छूने के काबिल न रहेगी। ब्याह के घर में काम ही काम।

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। (1 x 10 = 10)

17. प्रेमचंद का जीवन परिचय लिखिए।
18. हरिशंकर परसाई का व्यक्ति परिचय लिखिए।

खण्ड 'ग' (40 अंक)

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। (1 x 20 = 20)

19. 'बड़े भाई साहब' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
20. 'ईमानदारों के सम्मेलन में' पाठ का सारांश लिखिए।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। (1 x 20 = 20)

21. 'मधुर भाषण' निबंध के माध्यम से डॉ. गुलाबराय पाठकों को क्या संदेश देना चाहते हैं ? अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।
22. 'गिल्लू' पाठ का सारांश लिखिए।

&&&&&&&&&&